卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 131 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦19 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE

- ✓ Shops ✓ Houses
- ✓ Industrial Property
- ✓ Commercial Property
- ✓ Agriculture Land

REAL ESTATE
WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4,
Adarsh Colony, Rudrapur

49 वर्ष से बसे परिवारों को भूमि खाली करने का नोटिस

विरोध में प्रभावित लोगों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भगवानपुर में वर्ष 1975 में तत्कालीन विधायक व उपजिलाधिकारी द्वारा बसाए गए अनेक परिवारों को लोनिवि द्वारा भूमि खाली करने के नोटिस थमा दिए जाने से हड़कम्प मच गया है। प्रभावित परिवारों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि समस्त ग्रामवासी ग्राम भगवानपुर तहसील रूद्रपुर के खसरा नं0-192 रकबा 0.390 है० जो लोक निर्माण विभाग की जगह है पर 1975 में उस समय के उपजिलाधिकारी व विधायक देव बहादुर सिंह द्वारा बसाया गया था। तब से आज तक निवास कर रहे हैं। प्रशासन के द्वारा उक्त भूमि पर इन्द्रा आवास,स्वजल (शेष पृष्ठ सात पर)

अनियंत्रित बाईक नहर में गिरी, युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गदरपुर के ग्राम राजपुर में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होकर बाईक से वापस लौट रहे तीन युवको की बाईक अनियंत्रित होकर मार्ग में नहर में जा गिरी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूपए से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम मजरा नरसिंह नन्दपुर गदरपुर निवासी 20 वर्षीय अरूण सिंह पुत्र गोपाल सिंह ग्राम राजपुर में एक विवाह समारोह में गया था। वापसी पर वह अपने दो साथियों हरिओम व रविन्द्र के साथ बाईक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। मार्ग में ग्राम बलरामनगर के पास बाईक असंतुलित होकर सड़क किनारे नहर में जा पलटी। इस दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। अरूण को मध्य रात्रि यहां उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों (शेष पृष्ठ सात पर)

संदिग्ध हालातों में फांसी पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि मौहल्ला आदर्श कालोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक घर में पर लटका पाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम नर खेरा ओखलकांडा निवासी 30 वर्षीय गोधन सिंह अपने पिता कुंदन सिंह के साथ यहां मौहल्ला आदर्श कालोनी वार्ड 36 में किरायेदार के रूप में रहता था और सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके पिता भी किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। बताया जाता है कि गत रात्रि पिता कुंदन सिंह जब ड्यूटी समाप्त कर घर वापस वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनका पुत्र गोधन फांसी पर लटका हुआ है। उनके द्वारा शोर मचाने पर आस पड़ोस के कई लोग वहां आ पहुंचे। घटना की (शेष पृष्ठ सात पर)

मार्निंग वॉक पर निकले वृद्ध को वाहन ने रौंदा,मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर मार्ग पर प्रात: टहल रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर रौंद दिया। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी 66 वर्षीय भीम सिंह पुत्र गंगा सिंह पिछले करीब तीन वर्ष से यहां ग्राम जयनगर नम्बर 3 कृष्णा होम में अपने पुत्र मंगेश के परिवार के साथ रहते थे और प्रतिदिन प्रात: घूमने के लिए जाते थे। बताया जाता है कि सोमवार को रोज की तरह भीम सिंह प्रात: करीब 4.30 बजे घर से टहलने के लिए घर से निकले। टहलने के दौरान लगभग 5.30 बजे उत्तरांचल बायोटेक कम्पनी के पास मुख्य मार्ग पर तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। इस दुर्घटना में भीम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर आ गये और उन्होंने भीम सिंह को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भीम सिंह की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई थी।

दोस्त बनकर कर ली हजारों की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा डॉन पर खुद को दोस्त बताकर एक व्यक्ति से हजारों रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। कश्मीर सिंह पुत्र स्व. फौजा सिंह निवासी ग्राम अमरपुर का कहना है कि 18 फरवरी की दोपहर उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया फोन करने वाला व्यक्ति बोला कि तुम्हारा दोस्त प्रेम बोल रहा हूँ। बहुत परेशानी में हूँ एक्सीडेंट हो गया है। डाक्टर को रूपये देने है मोबाइल से रूपये नहीं जा रहे है। तुम्हारे (शेष पृष्ठ सात पर)

रुद्रपुर की तर्ज पर किच्छा में बनेगा कम्युनिटी हॉल: बेहड़

मुख्यमंत्री ने दी कम्युनिटी हाल की स्वीकृति

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि जल्द ही किच्छा में रूद्रपुर की तर्ज पर कम्युनिटी हाल बनाया जायेगा। अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बेहड़ ने बताया कि उनके मुख्यमंत्री को भेजी गई 10 प्रमुख मांग में प्रथम मांग किच्छा में कम्युनिटी निर्माण कराये जाने की थी, जिसकी स्वीकृति मुख्य मंत्री पुष्कर धामी ने स्वीकृति दे दी है। बेहड ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए बताया कि किच्छा में कम्युनिटी हाल के निर्माण कराये जाने के लिए जीओ जारी कर दिया गया है। इस विषय में जिला प्रशासन से वार्ता भी की है तथा शीघ्र ही जिला प्रशासन किच्छा में कम्युनिटी हॉल के निर्माण हेतु जगह चयनित करवायेगा तत्पश्चात किच्छा में एक भव्य कम्युनिटी हॉल का निर्माण कराया जाएगा जिसमें हर वर्ग हर व धर्म के लोगों के वैवाहिक व सामाजिक आयोजन कराये जा सकेंगे जिससे आने वाले समय में किच्छा के गरीब वर्गों के क्षेत्र वासियों को आयोजन करने में काफी राहत मिलेगी। साथ ही राजनैतिक पार्टियों को भी इस कम्युनिटी हाल का फायदा(शेष पृष्ठ सात पर)

शरारती तत्वों ने कार को किया क्षतिग्रस्त, महिला से बदसलूकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। कार सवार चार शरारतीतत्वों ने पीछे से एक अन्य कार में जबरदस्त टक्कर मारकर गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और जब भुक्तभोगी ने विरोध करने की कोशिश की तो उसकी पत्नी से अश्लीलता करते हुए आरोपियों ने गाली गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात कार सवारों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में (शेष पृष्ठ सात पर)

मोटरसाइकिल चुराकर टुकड़ों में काटी,दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई पुलिस ने शातिर किस्म के दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए। आवश्यक पूछताछ के बाद बाइक चोरों को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया। ज्ञातव्य है कि बीते 18 फरवरी को गढ़वाल सभा कॉलोनी मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र रंजीत गुप्ता ने आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 14 फरवरी को लगभग 12:00 बजे उसकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एफ/4882 अज्ञात चोरों द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

हर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपना विशेष सहयोग देने वाले
प्रमुख समाजसेवी,उद्योगपति एवं मुक्तिधाम गदरपुर के अध्यक्ष
आदरणीय
श्री विजय सुखीजा एवं
भाभी श्रीमती पूनम सुखीजा जी
को शादी की सालगिरह की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

'घाटे' से उबरने के बावजूद 'रुद्रपुर डिपो' से 'खटारा बसों' का संचालन

तकनीकी रूप से रिटायर बसें दौड़ाकर यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहा उत्तराखंड परिवहन निगम रुद्रपुर डिपो से संचालित 42 बसों में से 10 की मियाद पूरी,सुरक्षा से खिलवाड़ पर विभाग केअपने तर्क

-अर्श-

रूद्रपुर। पिछले दो दशक से लगातार घाटे में चल रहा उत्तराखंड परिवहन निगम अब घाटे से उबर कर ,लाभ की स्थिति में आने के बावजूद बूढी हो चुकीं रोडवेज की बसों को विभिन्न रूटों पर दौड़कर यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा है। बताना होगा कि रुद्रपुर डिपो की परिवहन निगम की 42 बसों में से 10 की मियाद पूरी हो चुकी है और वह परिवहन की दृष्टि से तकनीकी रूप से खारिज की जा चुकीं है ,फिर भी उपरोक्त खटारा बसें न सिर्फ राज्य की सड़कों पर सरपट दौड़ रही है, बल्कि राज्य के बाहर के फेरे भी लग रही हैं ।ऐसे में किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाली इस बड़ी लापरवाही को रोडवेज के अधिकारी अपनी मजबूरी बता कर पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं ।उनके अनुसार नई बसें नहीं होने के कारण पुरानी चलाई जा रही हैं तथा नई बस आने पर इन्हें हटा दिया जाएगा ।अधिकारियों का यह भी कहना है कि बसों की समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है और जल्द इस समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार रुद्रपुर डिपो में निगम की 10बसों की मियाद पूरी होने के दृष्टिगत को शासन से इन बसों की नीलामी कराने के लिए पत्र भेजा जा चुका है और फिलहाल शासन के दिशा निर्देश की प्रतीक्षा है ।शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ही बसों के संचालन को लेकर निर्णय लिया जाएगा। तकनीकी रूप से खारिज बसों को विभिन्न रूटों पर दौड़ा कर यात्रियों की जान एवं भरोसे को संकट में डालने के इस दोष को उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारी यह तर्क देकर भी कम करने का प्रयास कर रहे हैं कि रुद्रपुर डिपो की तकनीकी रूप से खारिज हो चुकी 10 बसों का संचालन केवल छोटे रूट पर ही किया जा रहा है। इन बसों को टनकपुर, काशीपुर, बरेली, मुरादाबाद आदि के लिए ही चलाया जा रहा है । गौरतलब है कि उत्तराखंड के अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों में रेल नेटवर्क की पहुंच न होने के कारण इन रूटों पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री रोडवेज बसों के सहारे ही अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं ।उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों से रोज का वास्ता होने के कारण राज्य निवासियों का इन बसों पर भरोसा है और वह इसमें सफर करके स्वयं को सुरक्षित भी महसूस करते हैं ,लेकिन रुद्रपुर डिपो से तकनीकी रूप से परिवहन के लिए अयोग्य घोषित कर दी गई बसों के संचालन से ,उत्तराखंड वासियों का उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों पर दो दशकों से अधिक समय से कायम विश्वास डगमगा सकता है ,साथ ही निगम का इकबाल भी खतरे में पड़ सकता है ।इसलिए निगम को चाहिए कि वह मुसाफिरों की सुरक्षा संकट में डालने के इस सिलसिले को तत्काल खत्म करें।

उत्तराखण्ड
परिवहन
U.T.C.
TATA

हस्त कलाकारों को प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है खादी प्रदर्शनी

देहरादून(उद संवाददाता)। खादी ग्रामोद्योग राज्य सरकार के तत्वावधान आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में देशभर के हस्त कलाकारों के माध्यम से बनाये जा रहे उत्पादों को एक छत के नीचे एक बाजार उपलब्ध करा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग समय-समय पर ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहता है। जिसके माध्यम से महिलाओं, हस्तकलाकारों, खादी उद्योग से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों को बेचने और ब्रांडिंग के लिए एक विशाल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाता है। इसका एक उदाहरण उत्तराखंड की प्रतिष्ठित संस्था स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन है। यह संस्था देहरादून जिले के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र के कंबुआ कालसी में महिलाओं को बांस व बबुल घास से बनी कई प्रकार के सजावट की सामग्री, घरेलू आवश्यकता के सामान जैसे बांस की टोकरी, हॉटकेस, फलों की टोकरी, फूलदान, बांस के परदे, बांस की दरी, हाथ से बने सांस्कृतिक चित्र, सांस्कृतिक फोटो फ्रेम जैसे अन्य उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण दे रही है। संस्था कई अन्य सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के साथ मिलकर इन उत्पादों को बेचने के लिए महिलाओं को प्लेटफार्म भी उपलब्ध करा रही है। खादी ग्रामोद्योग की इस विशाल प्रदर्शनी में नाबार्ड के सहयोग से इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह प्लेटफार्म मिला है जिसमे महिलाएं बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर रही हैं।खादी प्रदर्शनी में रविवार की शाम धुमशु जनजाति एवं सामाजिक संस्था के द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत खादी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महासू महाराज की वंदना के बाद जौनसार भाबर का पारंपरिक तांदी नृत्यों की प्रस्तुति दर्शकों का मन मोह लिया। लोक गायक सुरेश वर्मा द्वारा एकल नान स्टॉप जौनसारी गीत और कृषि पर आधारित गीत चाल बोलो जाखधार की सेरी, लोक गायक अरविंद राणा ने मुंह से ढोल की आवाज की प्रस्तुति से दर्शक काफी उत्साहित हुए।जिसमें मुख्य कलाकार शांति वर्मा, अरविंद राणा, सुरेश वर्मा, निकेश, गजेंद्र, रमेश, कैलाश, रिंकू, तनु, दीक्षा, ममता आर्य आदि कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। रविवार की शाम जौनसारी और गढ़वाली गीतों की प्रस्तुति से बेहद मनमोहनक रही। कृषि आधारित जौनसारी गीत श्चाल बल जाखधार की सेरी पर दर्शक जम कर झूमे।

Modi
Guarantee

नगर पंचायत के कर्मी हटाए जाने से भड़के सफाई कर्मचारी करेंगे हड़ताल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत 8 कर्मचारियों को हटाने के फैसले के बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। जल्द हटाए गए कर्मचारियों के समर्थन में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जा सकते है। जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो सकती है। सफाई कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गौरव ने पूर्व में अधिशासी अधिकारी का घेराव कर कर्मचारियों की वापसी न करने पर हड़ताल की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा पदों के सापेक्ष अधिक कर्मचारी रखें जाने को लेकर नगर के एक सभासद की शिकायत पर शासन के आदेश पर विगत दिनों सफॉई कर्मचारी समेंत अन्य कर्मचारियों को हटा दिया था। कर्मचारी हटाने के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश था। सफाई कर्मचरी संघ के अध्यक्ष संतोश गौरव व निर्वतमान चेयरमैन ने विगत दिनों नगर पंचायत पहुंचकर अधिशासी अधिकारी विमला जोशी के समक्ष कर्मचारी हटाने का विरोध करते हुये कहा कि कर्मचारियों को हटाने से उनके सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है। संघ के अध्यक्ष ने चेतावनी दी थी कि अगर कर्मचारियों की वापसी नही की गई तो सभी कर्मचारी हड़ताल कर सफाई कार्य नही करेंगे। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों की अभी वापसी नही हुई है। अगले एक दो दिनों में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाने की घोषणा कर सकते है। अगर ऐसे में हड़ताल हुई तो नगर के वार्डो में सफाई व्यवस्था चरमरा सकती है। इधर नगर पंचायत की अधिशाशी अधिकारी विमला जोशी की साफ कहना है कि कर्मचारियों को हटाने की कार्यवाही शासन के आदेश के बाद ही उपजिलाधिकारी/प्रशासक संस्तुती के बाद की गई है।

तीन माह बाद अदालत के आदेश पर हादसे का मुकदमा दर्ज

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत का मामला

सितारगंज(उद संवाददाता)।बाइक सवार की मौत के तीन माह बाद अदालत के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ सड़क हादसे का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतक के पुत्र ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पिता की मृत्यु सड़क दुर्घटना में होने के प्राथमिक साक्ष्य प्रस्तुत किये। इसके बाद पुलिस ने अदालत के आदेश पर हादसे का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पीलीभीत जिले के थाना अमरिया ग्राम उडरा फॉर्म निवासी बबजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पिछले साल 26 नवंबर की रात को उसके पिता कश्मीर सिंह बाइक से घर की तरफ आ रहे थे बीजती पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसके पिता की बाइक पर टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें गंभीर चोटे लगी। इसके बाद परिजन कश्मीर सिंह का उपचार करने के लिए नगर के निजी अस्पताल में लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। तभी रास्ते में कश्मीर सिंह की मृत्यु हो गई। पीड़ित का आरोप है कि पिता की मृत्यु की सूचना अगले दिन 27 नवंबर को पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने पंचायत नामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके बाद उसने थाने से सड़क हादसे की जानकारी मांगी। लेकिन थाना स्तर से कोई जानकारी उसे नहीं मिली। उसने पिता की सड़क हादसे में हुई मृत्यु के मामले की शिकायत अदालत में दर्ज कराई। अदालत ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद पुलिस ने कश्मीर सिंह की मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की भट्टी

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज विनोद जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में वन विभाग बैरियर के पास बड़ी कार्यवाही की। पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब के एक ठिकाने पर छापा मार कार्यवाही करते हुए मौके से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण जप्त करते हुए एक कारोबारी को तत्परता दिखाते दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस को पिछले कुछ समय से वन विभाग बैरियर के समीप जंगली इलाके में कुछ लोगों द्वारा अवैध कच्ची शराब की कसीदगी किए जाने की सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने चौकी इंचार्ज विनोद जोशी के नेतृत्व में तेज तर्रार कांस्टेबल मुकेश कुमार के साथ उक्त स्थान की घेराबंदी कर मौके से ग्राम जगतपुर निवासी जसविंदर पुत्र जागीर सिंह नमक शराब कारोबारी को दबोचते हुए वहां से शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला मग आदि कब्जे में ले लिया।

मलिक का बगीचा पर नगर निगम ने लिया कब्जा

हल्द्वानी हिंसा में फरार उपद्रवी एजाज की संपत्ति कुर्क,पुलिस खंगाल रही मास्टमाइंड अब्दुल मलिक सहित 19 नामजद उपद्रवियों के खाते

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नगर निगम मलिक के बगीचे की जमीन को तीन विभागों को देने जा रहा है। इसका प्रस्ताव बनाकर डीएम को भेज दिया गया है। यह जमीन पुलिस, बाल विकास विभाग और सूचना विभाग को दी जाएगी। लोनिवि ने खाली कराई जमीन का जो सर्वे किया है, उसके आधार पर यह जमीन तीन बीघे से अधिक आ रही है। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि मलिक के बगीचे की कुल जमीन करीब 30 बीघा है। इसमें से जो खाली पड़ी करीब तीन बीघा जमीन थी उस पर नगर निगम ने कब्जा ले लिया है। नगर निगम से तीन विभागों ने जमीन मांगी थी, जिसकी सहमति दे दी गई है। वहां थाना बनना है इसलिए जमीन का कुछ भाग पुलिस को दिया जाएगा। बची जमीन बाल विकास विभाग और सूचना विभाग को दी जाएगी। इसका प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को भेज दिया गया है। अंतिम निर्णय उन्हें ही करना है। बनभूलपुरा हिंसा के फरार वांछित एजाज की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शनिवार देर रात तक पूरी हो गई है। पुलिस ने तीन घंटे तक कुर्की की कार्रवाई की। दोपहर करीब तीन बजे एसओ कालाढूंगी नंदन रावत, एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा, एसओ खनस्यूं भुवन राणा और मालधन चौकी इंचार्ज आसिफ खान सहित कई पुलिसकर्मी एजाज के घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई नहीं था। पुलिस ने दो कमरों के मकान में रखे बेड, सोफा, फ्रिज, टीवी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम, बर्तन आदि को जब्त किया। बाद में घर के दरवाजे और खिड़की भी निकाल लिए। इस दौरान वहां एजाज की मां और भाई सलीम पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई के बाद सामान को ट्रक पर लोड करके मलिक के बगीचा स्थित देखरेख चौकी परिसर में भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ हल्द्वानी पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टमाइंड सहित 19 नामजद उपद्रवियों के बैंक खातों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस उपद्रव से पहले बैंक खातों से हुए वित्तीय लेनदेन को खंगालने की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार संदिग्ध लेनदेन मिलने पर उक्त खातों को फ्रीज किया जाएगा। पुलिस जल्द ही बैंकों को पत्र लिखकर खातों का ब्योरा भी मांगेगी। बनभूलपुरा हिंसा मामले के नामजद अब्दुल मलिक, उसका बेटा अब्दुल मोईद, वसीम उर्फ हप्पा, रईस उर्फ दत्तू, तस्लीम और एजाज अब भी फरार हैं। इन सभी की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। अब्दुल मलिक, उसके बेटे मोईद के बैंक खातों पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने अब अब्दुल मलिक और मोईद के साथ-साथ उसकी पत्नी और अन्य परिजनों के बैंक खातों की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि अब उपद्रव से पहले किसके खाते से कितने वित्तीय लेनदेन हुए और उसका इस्तेमाल हिंसा भड़काने के लिए तो नहीं किया गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस नामजद उपद्रवियों की बैंक खाते की डिटेल भी जुटा रही है। बैंकों को जल्द पत्र भेजकर ट्रांजेक्शन डिटेल मांगी जा सकती है। संदिग्ध लेन देन मिलने पर खाता फ्रीज किया जा सकता है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा का कहना है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

ट्रक की टक्कर से महिला की हुई मौत, चालक फरार

खटीमा। अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से रविवार सुबह एक महिला की मौत हो गई। घायल महिला करीब 50 मीटर दूर तक ट्रक के साथ घिसटती हुई गई। आरोपी चालक फरार हो गया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सड़ासड़िया निवासी सीमा (42) पत्नी स्व. भजनलाल घरों में बर्तन धोने और साफ-सफाई का कार्य करके परिवार का भरण पोषण करती थी। रविवार सुबह करीब छह बजे वह घर से काम के लिए निकली थी। सड़ासड़िया के पास हाइवे किनारे वह पैदल चल रही थी। तभी पीछे से आए प्लाई लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी। परिजनों ने बताया कि घायल महिला को ट्रक करीब 50 मीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया और फिर पलट गया। हादसे के बाद उसमें लदे प्लाई बोर्ड सड़क पर फैल गए, जिससे जाम की स्थिति हो गई। इधर 108 एंबुलेंस के माध्यम से महिला को खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। ट्रक को नींद को नींद की झपकी लगने के कारण दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। परिजनों ने बताया कि सीमा के पति भजनलाल की कोरोना काल के समय मृत्यु हो गई थी। उसके बाद सीमा पर अपने परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी आ गई थी। मृतका का बड़ा पुत्र अभिषेक भी मजदूरी करता है। बड़ी पुत्री ज्योति 12वीं, छोटी पुत्री पायल नवीं और छोटा पुत्र संजय सातवीं में पढ़ते हैं। महिला सड़ासड़िया में झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहती थी। उनका परिवार मूलरूप से रामपुर, यूपी का रहने वाला है।

प्रिया जयंती का 128वीं बोस्टन मैराथन के लिए हुआ चयन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की बेटी प्रिया जयंती थपलियाल ने प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन किया है। बता दें पौड़ी गढ़वाल की प्रिया जयंती थपलियाल को 15 अप्रैल को होने वाली 128वीं बोस्टन मैराथन में बैंक ऑफ अमेरिका के लिए चुना गया। जिसके बाद से प्रदेशभर में खुशी की लहर है। उत्तराखंड के एक छोटे से गांव की जयंती ने अपने गांव का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर दिया है। बचपन से ही संघर्षमय जीवन यापन करने वाली जयंती ने बैंक ऑफ अमेरिका द्वारा आयोजित बोस्टन मैराथन की 128वीं दौड़ में अपना स्थान बनाया है। इस मैराथन का आयोजन 15 अप्रैल, 2024 को हो रहा है।प्रिया जयंती थपलियाल का जन्म 1978 में हुआ था। उनके पिता दिल्ली में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। वह सात वर्ष की उम्र में ही अपने परिवार के साथ दिल्ली आ गई थी। जयंती अपने तीन भाई बहन में से एक है। तीनों ही स्पोर्टस में रुचि रखते है। बोस्टन मैराथन दुनिया की प्रमुख पुराने मैराथन है। बता दें संयुक्त राज्य अमेरिका में बोस्टन मैराथन पहली बार साल 1897 में आयोजित हुई थी। यही दुनिया का सबसे पुराना मैराथन है। यह वर्ष में एक बार आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता है। इस मैराथन में पूरी दुनिया के धावक हिस्सा लेते हैं।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

एसएस पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)।एस एस पब्लिक स्कूल, गदरपुर में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें नौ टीमो ने प्रतिभाग किया जिनमें एस एस पी एस जूनियर , गदरपुर,एस एस पी एस सीनियर, गदरपुर,कूल्हा स्टेडियम, गूलरभोज, ढकियाकला , काशीपुर, सकेनिया स्टेडियम ,गदरपुर, कुंडेश्वरी ,काशीपुर, कनकपुर ,रूद्रपुर सर्व इंडिया इंटर कॉलेज ,खेमपुर भगवानपुर , रुद्रपुर की टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के चेयरमैन डी पी सिंह,सचिव अभिषेक प्रताप सिंह, कबड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष मेजर सिंह , कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा , समाजसेवी रवि शाह ,पूर्व कबड्डी राष्ट्रीय खिलाडी शैलेश सिंह , प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने संयुक्त दीप प्रज्वलित कर किया । सभी अथितियों ने खिलाड़ियों से परिचय किया और आशीर्वाद दिया । मेजर सिंह ने प्रतियोगिता आयोजित करने लिए एस एस पी एस विद्यालय को धन्यवाद कहते हुए खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डी पी सिंह ने विद्यालय के इस खेल मैदान में प्रदेश स्तरीय खेल करवाने की घोषणा की। प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में आए सभी कोच एवं रेफरी का धन्यवाद कहा और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में क्वाटर फाइनल कुल्हा स्टेडियम 32 विजेता, ढकियाकला, काशीपुर -22,एस एस पी एस गदरपुर 19 विजेता, कुंडेश्वरी, काशीपुर 16 तथा सेमीफाइनल में एस एस पी एस 36 विजेता,सर्व इंडिया इंटर कॉलेज ,खेमपुर 20,कूल्हा स्टेडियम गूलरभोज 27 विजेता,एस एस पी एस 09 तथा फाइनल में कुल्हा स्टेडियम ने एस एस पी एस को 29-20 के अंतर से हराकर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया । निर्णायक मंडल में बृजेश दुबे,संदीप सिंह,संदीप कुमार,शालिनी आर्या,इंदरजीत सिंह,विमल पांडेय,बंकिम ढाली एव कुलदीप सिंह रहे ।विद्यालय के चौयरमैन डी पी सिंह ने विजेता टीम को

ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।प्रधानाचार्य परविंदर सिंह , शैलेंद्र शर्मा , रवि शाह, शैलेस सिंह ने उपविजेता को ट्रॉफी एवं उपहार देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद ,उमेश कुमार,किशन चंद आदि मौजूद रहे।

प्रेमिका के साथ गेस्ट हाउस में रह रहे पति को पकड़ा

रुद्रपुर। एक युवक को गेस्ट हाउस में कथित प्रेमिका के साथ पत्नी ने पकड़ लिया और जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक व युवती को चौकी ले गई। लेकिन महिला ने पति पर कानूनी कार्यवाही से इन्कार कर दिया और उसे अपने साथ ले गई। मामले में दंपती और कथित प्रेमिका का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर जुर्माना वसूला गया है। जानकारी के अनुसार जिले की सीमा से लगे यूपी के एक गांव के रहने वाले युवक का दिल्ली की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। एक हफ्ते से अधिक समय से युवक अपने घर नहीं जा रहा था। इसके बाद से पत्नी और परिजन उसकी खोजबीन में लगे थे। शनिवार रात पत्नी को सूचना मिली कि पति एक गेस्ट हाउस में रह रहा था। महिला परिजनों के साथ बाजार चौकी क्षेत्र स्थित गेस्ट हाउस पहुंची तो वहां युवक के साथ एक युवती मिली। युवती को देख पर महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया। शोर शराबा होने पर गेस्ट हाउस के आसपास रहने वाले लोग भी एकत्र हो गए। सूचना पर बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक-युवती को चौकी ले गई। एसएचओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही थी तो महिला ने इन्कार कर दिया। इस पर युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया गया और युवती को उसके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

युवक ने किन्नर से की शादी, विरोध करने पर पिता और भाई को भी पीटा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक ने किन्नर से शादी की और उसके बाद घर से चला गया। उसे रोकने पहुंचे पिता और भाई से युवक की जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बाप-बेटों को अलग कर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी निवासी एक युवक ने किन्नर से शादी की और उसके साथ घर से निकल गया। किन्नर से शादी और घर से निकलने की बात सुनते ही युवक का पिता और दो भाई उसे रोकने के लिए पीछे दौड़े। सिंधी चौराहे पर होलिका चौराहे के पास उन्होंने युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे घर ले जाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच युवक ने यह कहते हुए कि 'शादी की है इससे पत्नी है मेरी' जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। युवक के पिता ने जब जबरन ले जाने की कोशिश की तो युवक ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद युवक के भाइयों ने जब रोका तो उनसे भी मारपीट की। इसी बीच स्थानीय लोगों ने शोर-शराबा सुनकर पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जब देखा तो पिता-पुत्र एक-दूसरे को पीट रहे थे। पास में खड़ा किन्नर भी गाली-गलौज कर रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। कुछ देर बाद युवक किन्नर के साथ चला गया और उसके पिता व भाई घर लौट गए। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामला शांत करा दिया गया था। किसी भी तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

तंदूर में कुत्ते के चार बच्चों को जिंदा जलाया, मुकदमा दर्ज

देहरादून। एक युवक पर कुत्ते के चार बच्चों को तंदूर में डालकर जिंदा जलाने का आरोप लगा है। आरोपी ने उसके बाद एक कुत्ते पर जानलेवा हमला भी किया। उसके खिलाफ एक पशु प्रेमी की ओर से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।एसएचओ कोतवाली कैलाश चंद भट्ट ने बताया कि मामले में पशु क्रूरता निवारण समिति की पूजा बहुखंडी की ओर से की गई है। उन्होंने राजा उर्फ नींबू निवासी खुड़बुड़ा पर आरोप लगाया है। आरोप है कि राजा ने शनिवार को एक कुत्ते पर जानलेवा हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मामला जब उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने कुत्ते का इलाज कराया। बहुखंडी ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले राजा ने कुत्ते के चार बच्चों को तंदूर में डालकर जिंदा जला दिया था। इस मामले में राज सुरी ने शिकायत की थी। लेकिन, इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएचओ ने बताया कि बहुखंडी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में कुत्तों को जिंदा जलाने की घटना को भी शामिल किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इस संबंध में शिकायतकर्ताओं ने साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मामले में आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

सीबीआई से कराई जाए दंगे की निष्पक्ष जांच: मतीन

सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने हिंसा में गिरफ्तार भाई को बताया निर्दोष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने हल्द्वानी 8 फरवरी को मलिक के बगीचे में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हल्द्वानी वासियों के साथ-साथ हमारे लिये यह सबसे दुर्भाग्य पूर्ण घड़ी है कि हमें अपनी हल्द्वानी में अपनी जिन्दगी में इस तरह की घटना देखनी पड़ी।उन्होंने कहा इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये कम है। इस प्रकरण की सी.बी.आई.या हाई कोर्ट के सीटिंग जज के द्वारा जाँच होनी चाहिये। इस प्रकरण में जो भी दोषी हों उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिये। उनके भाई जावेद सिद्दीकी के इस प्रकरण में शामिल होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि जावेद सिद्दीकी ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है।जिससे शहर का माहोल खराब हो। उसने बार-बार लोगों से शान्ति बनाने की अपील की लेकिन भीड़ इतनी उग्र हो चुकी थी कि वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी।वैसे भी अगले दिन रात को जब पुलिस जावेद की गिरफ्तारी के लिए आई थी। तब भी उसने फोन पर मुझसे रो-रो कर अपने बच्चों की व मेरी कसमें खा-खा कर यही कह रहा था। मैं तो लोगों को पत्थर बाजी व हुड़दंग से रोक रहा था। यह मुझे ही क्यों पकड़ने आये हैं। लेकिन फिर भी प्रशासन ने पता नहीं किन हालातों या किन फुटेजो के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की है। लेकिन मुझे इस बात का विश्वास है कि अगर उसने अपने बच्चों के साथ-साथ मेरी भी कसम खाकर अगर वह ये बात कह रहा है।तो मुझे पूरा यकीन है कि वह कम से कम मेरी तो झूठी कसम नहीं खा सकता है।क्यों कि मैंने अपने बहन भाईयों को अपनी ओलाद से भी बढ़कर पाला है। यहीं नहीं मेरे यहाँ शादी की तैयारियाँ चल रही थी। 15-फरवरी को छोटे बेटे की शादी थी और 17 फरवरी को हल्द्वानी विंटेज ग्रीन में रिसेप्शन था।जो इस प्रकरण के चलते स्थगित करना पड़ा। हम अब्दुल मलिक के मददगार तो कभी हो ही नहीं सकते।क्योंकि वह उसका भाई व भतीजा मेरे छोटे भाई और हर दिल अजीज नेता भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी के हत्यारे हैं। उसका मुकदमा अब भी इलाहाबाद हाई कोर्ट में चल रहा है। मतीन सिददीकी ने कहा कि एक बार इसकी बारीकी से निष्पक्ष जाँच हो जाये उसके बाद जो भी दोषी हों उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

साइबेरियन पक्षियों के मांस के साथ दो लोग गिरफ्तार

खटीमा। वन विभाग की टीम ने साइबेरियन पक्षियों के मांस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक युवक फरार हो गया। खटीमा स्थित शारदा सागर डैम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण ठंडे देशों से पहुंचे विदेशी मेहमान पक्षियों का शिकार हो रहा है। वन क्षेत्राधिकारी आरएस मनराल ने बताया कि वन विभाग की टीम ने शनिवार को कार्तिक और शंभू नामक दो युवकों को साइबेरियन पक्षियों के मांस के साथ गिरफ्तार किया। उनका एक साथी फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उन्होंने बंदा गांव के पास शारदा सागर डैम से तीन साइबेरियन पक्षियों को शिकार किया था। दो साइबेरियन पक्षियों का मांस खाने के बाद एक पक्षी का मांस दंपती को फंसाने के लिए उनके घर पर रखा था।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

बनभूलपुरा क्षेत्र में जिला प्रशासन ने दिए दिन का कर्फ्यू हटाने के आदेश

राहत मिलने पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी की शांति से रहने की अपील,अब रात दस से सुबह पांच बजे तक रहेगा कर्फ्यू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा बवाल के बाद लगे कर्फ्यू में जिला प्रशासन ने बड़ी राहत दे दी है। अब पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में दिन का कर्फ्यू हटा दिया गया है। अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थल के आसपास भी अब दिन में किसी तरह का प्रतिबंध नहीं रहेगा। केवल रात 10 से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू रहेगा। डीएम वंदना की ओर से रविवार की रात को आदेश जारी किया। रविवार तक बनभूलपुरा में अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर की परिधि तक कर्फ्यू लगाया गया था। बाकी क्षेत्र में दिन का कर्फ्यू लगा था, लेकिन नए आदेश में कहा गया है कि 19 फरवरी से सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू से जुड़े सभी तरह के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। अब बनभूलपुरा क्षेत्र में केवल रात 10 से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू रहेगा। वहीं दिन भर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, जोनल मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम पारितोष वर्मा समेत पुलिस अधिकारी दिन भर क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। लोगों से शांति की अपील करते रहे। क्षेत्र के प्रतिनिधियों से भी वार्ता की गई। प्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं ने भी अब शांति बहाली का आश्वासन दिया। वहीं कर्फ्यू की वजह से लोग परेशान हो रहे थे। अब 12वें दिन राहत मिल जाएगी। वहीं जमीयत उलेमा देहरादून के नायब सदर अब्दुल सत्तार, जमीयत उलेमा उत्तराखंड के सदस्य मोहम्मद शाह, देहरादून के शहर अध्यक्ष मुस्तकीम, खुर्शीद आल व अब्दुल समद भी हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र का जायजा लिया। वीडियो जारी कर उन्होंने कहा कि हमने पुलिस प्रशासन से वार्ता की और शांति बहाली की अपील की। इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण घटना समझकर भूल जाना चाहिए। जो दूरियां हमारे अंदर पैदा हुई हैं, वह दूर हों। जिला प्रशासन ने हालात को सामान्य करने के लिए जो कदम उठाए, वह सराहनीय है। कर्फ्यू में और ढील देने के साथ ही निर्दोष को सजा न मिलने की मांग की। वहीं बनभूलपुरा की एक छात्रा ने भी जिला प्रशासन की तारीफ की और कहा कि कर्फ्यू में उनकी ओर से किए गए एक फोन से राहत सामग्री उपलब्ध हो गई थी।

आयोग के फैसले से बंगाली समाज में खुशी की लहर

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का रास्ता अब साफ हो गया है। आयोग के निर्णय के बाद बंगाली समुदाय में खुशी की लहर है। बता दें कि देश विभाजन के बाद लाखो पूर्व पाकिस्तान के हिन्दु बंगाली समाज के लोगों को देश के अन्य राज्यों की तरह उत्तराखण्ड और यूपी में बसाया गया था। देश के सात राज्यों में समाज के उप जाति नमोशुद्र, पौण्ड और मांझी जातियों को आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। मगर उत्तराखण्ड और यूपी में यह सुविधा अपूर्ण थी। यहां केवल इन्हें शिक्षा तक ही आरक्षण की सुविधा दी जा रही है। पूर्ण आरक्षण की दर्जे की मांग को लेकर समुदाय के लोग वर्षो से संघर्ष कर रहे थे। इस मुद्दे पर उतराखण्ड राज्य की तीन निर्वाचित सरकारों ने भी कैबिनेट में समुदाय के उपजातियों को अन्य राज्यों की तरह अनुसूचित जाति सूची में शामिल करने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेज चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ। इस मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे बंगाली महासभा उत्तराखण्ड ने बीते दिनों राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में समस्त साक्षों के साथ रिट दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी। रविवार को शक्तिफार्म टैगोर नगर के दुर्गा मंदिर परिसर मे आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए महासभा के अध्यक्ष राजकुमार साह ने बताया कि याचिका पर विचार करते हुए आयोग ने छह बार मामले में सुनवाई की। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, केन्द्रीय समाज कल्याण अधिकारिता मंत्रालय, मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड और यूपी के संबधित विभाग के अधिकारी आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। सभी पक्षों को सुनने के बाद बीते 14 फरवरी को दिल्ली के लोक नायक भवन में छह दौर की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाते हुए आयोग के अध्यक्ष अरुण हाल्दार ने बोर्ड के सभी सदस्यों से परामर्श के बाद कहा बंगाली समाज के उपजातियों के साथ अब तक घोर अन्याय हुआ है और उन्हें अधिकारों से बंचित रखा गया है। उन्होंने अपने आदेश में केन्द्र सरकार को 30 दिन के भीतर उत्तराखण्ड और यूपी के बंगाली समाज के उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कर उन्हें सभी प्रकार की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दे दिए है। आयोग के फैसले से बंग समाज मे उल्लास है। कार्यक्रम के दौरान बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहा ,संरक्षक हिमांशु सरकार,गणेश सरकार,नगर अध्यक्ष विश्वजीत हालदार,संजय बाछाड़, सुनील विश्वास,निर्मल सरकार,विष्णुपद प्रमाणिक,रवि मजूमदार,राकेश मण्डल, मिहिर अधिकारी,तापस मण्डल, निरंजन हीरा,सपन सरकार,सव्यसाची हालदार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

फिर गरजेगा नगर निगम का बुल्डोजर

काशीपुर बाइपास और डाक्टर लाइन में कई लोगों को थमाए अतिक्रमण हटाने के नोटिस

रुद्रपुर। फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका के बाद नगर निगम ने काशीपुर बाइपास और डाक्टर लाइन में 198 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमाया है। सभी लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन की मोहलत दी गई है। हाईकोर्ट के आदेश पर वर्ष 2018 में मुख्य बाजार में अतिक्रमण के दायरे में आए सैकड़ों निर्माण तोड़े गए थे। निर्माण तोड़ने के बाद निगम की ओर से फुटपाथ बनाकर टाइल्स बिछाई थी लेकिन कई जगह अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हो सकी। इसको लेकर याचिकाकर्ता की ओर से दोबारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसके बाद अब नगर निगम की ओर से फिर से अतिक्रमण पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। पूर्व में अतिक्रमण न हटाया जाए, इसके लिए बाइपास चौड़ीकरण की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। विधायक शिव अरोरा ने पैरवी कर योजना पर दोबारा कार्रवाई शुरू कराई थी। मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के अनुसार काशीपुर बाईपास और डाक्टर लाइन में 198 लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए गए हैं। सभी को अभिलेख दिखाने और अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। आठ फुट से 15 फीट तक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण चिह्नित हुआ है। अगर लोगों ने अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया तो निगम की ओर से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

बाजपुर में आंदोलनकारी किसान 20 फरवरी को निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

बाजपुर। भूमि बचाओ आंदोलन स्थल पर आयोजित किसानों की बैठक में 20 फरवरी को प्रस्तावित महिला मार्च स्थगित करने का निर्णय लिया गया। कहा कि भाकियू के आह्वान पर 21 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। सोमवार को भाकियू प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में ट्रैक्टर मार्च की रणनीति बनाई जाएगी। रविवार को अनशन स्थल पर बैठक में भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि 20 फरवरी को प्रस्तावित महिला मार्च को स्थगित कर दिया गया है। अब महिला मार्च पहली मार्च को निकलेगा। बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय कार्यालय से 21 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर ट्रैक्टर मार्च करने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते महिला मार्च को आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है। आंदोलन के आयोजक रजनीत सिंह सोनू ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन की ओर से प्रस्तावित 21 फरवरी के ट्रैक्टर मार्च को लेकर 19 फरवरी को बैठक कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में भाकियू प्रदेशाध्यक्ष करम सिंह पड्डा, हरमंदर सिंह बरार, दर्शन गोयल, निरंजन दास गोयल, करमजीत शाकर, दलजीत सिंह रंधावा, शेर सिंह, गुरमीत सिंह, अमरनाथ शर्मा, हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे। क्षेत्र के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों की मांग को लेकर तहसील परिसर में चल रहा भूमि बचाओ आंदोलन रविवार को 202वें दिन भी जारी रहा। क्रमिक अनशन पर रणजीत सिंह सौकर, हरदीप सिंह, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह, सुबेग सिंह बैठे।

बाघ को पकड़ने में जुटी वनकर्मियों की टीम, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

रामनगर। गल में आग लगा दी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीण शांत हुए। ढेला गांव में बाघ के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में रोष है। ढेला रेंजर अजय ध्यानी ने बताया कि रविवार तड़के वन विभाग की टीम बाघ को पकड़ने के लिए जंगल की ओर रवाना हुई तो कुछ ग्रामीणों ने विरोध करते हुए उन पर पथराव किया। इसके बाद, जंगल के कुछ हिस्से में आग लगा दी। इससे बाघ को पकड़ने के लिए टीम लौट आई और बाघ भी पकड़ में नहीं आ सका। सुबह सात बजे वन विभाग की टीम पुलिस के साथ दोबारा मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने मौके पर लोगों को शांत कराया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सुबह करीब नौ बजे रेंज कार्यालय ढेला पहुंचकर विभाग और पशु चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। रेंजर ध्यानी ने बताया कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। रेंजर ने मामले में दो नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। बता दें कि शनिवार को ढेला रेंज में बाघ ने ग्रामीण कला देवी को निवाला बना लिया था।

सेवाभाव से कार्य करने वाले चिकित्सकों को किया सम्मानित

स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी

देहरादून/ नई दिल्ली (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को नई दिल्ली में स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के 11वें वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने निस्वार्थ सेवाभाव से कार्य करने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित किया साथ ही उन्होंने सोसायटी के ''चार धाम साथी 2.0' मोबाइल एप को भी लांच किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि मिशन का नेक उद्देश्य वंचित, ग्रामीण, पहाड़ी, और आदिवासी क्षेत्रों में निवास करने वाले उपेक्षित समुदायों और तीर्थ यात्रियों की सेवा करना है। इन क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा, शिक्षा, और अन्य सामाजिक सहायता मुहैया करना है। वास्तव में यह कार्य नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र पर आधारित है। राज्यपाल ने कहा कि सच्ची और निस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने वाले डॉक्टरों और चिकित्सकों के सम्मान समारोह में भाग लेना, मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है। ऐसे डॉक्टर और चिकित्सक, वास्तव में समाज के असली नायक हैं। इनकी सेवा और समर्पण को सम्मानित करना न केवल इनके प्रयासों की प्रशंसा है बल्कि अन्य सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने जन-कल्याण के लिए, पूरी तरह निशुल्क और आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों की स्थापना की है। सोसायटी ने उत्तराखंड में बद्रीनाथ धाम और गंगोत्री धाम में अपने अस्पताल स्थापित किए हैं। इनमें अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों ने निस्वार्थ सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की एक नई परिभाषा गढ़ी है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी स्वयंसेवी भी इसी तरह समाज के लाभ के लिए, समाज की प्रगति के लिए, अपना समय, अपनी ऊर्जा, और अपने संसाधन समर्पित कर रहे हैं। आपका यह मिशन समाज में सुधार, समाज के उत्थान और विकसित भारत के लक्ष्य में अहम योगदान दे रहा है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मिशन सोसाइटी और उसके द्वारा संचालित अस्पतालों की टीम द्वारा किए जा रहे कार्य, इस बात का प्रमाण हैं कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा में अपार शक्ति होती है। इस सोसायटी के प्रयास समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए एक सीख है कि कैसे हम सभी मिलकर एक बेहतर और सहायक समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सोसायटी और इससे जुड़े हुए सभी परोपकारी व्यक्तियों की सेवा, आपका समर्पण, और आपकी निस्वार्थता हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

खेल प्रतियोगिताओ में डाक्टरों ने दिखाया दमखम

आईएमए रुद्रपुर ने मनाया स्पोर्ट डे

IMA RUDRAPUR

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रूद्रपुर इकाई ने डीपीएस रूद्रपुर में स्पोर्ट्स डे धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल – क्रिकेट, टेबिल टैनिस, गोला फेंक और दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर और उनके परिवार के सभी सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच डॉ. भरत, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर डॉ. प्रत्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. आयरिश, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज डॉ. मनोरंजन का चुना गया। मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच डॉ. जेडी सिंह ने पकड़ा। महिला रिले दौड़ में स्वर्ण पदक डॉ.रश्मि, डॉ. पवन, डॉ. निधि और डॉ. दीप्ति को मिला रजत पदक डॉ. शिवकी, डॉ रशिका, डॉ. मेघा और डॉ. शिखा एवं कांस्य पदक डॉ. मनप्रीत, डॉ. नीरजा और डॉ. भव्या, डॉ. दीपाली ने प्राप्त किया। पुरुषों की रिले दौड़ में डॉ. सचिन, डॉ सारांश, डॉ. संकल्प और डॉ. अंकित को स्वर्ण पदक , डॉ. विकास, डॉ नवीन, डॉ. अशोक एवं डॉ. जेडी को रजत पदक , डॉ. नितिक, डॉ. सुरेश, डॉ. अनुराग और डॉ. शशांक को कांस्य पदक मिला। बच्चो के लिए भी अनेक प्रकार के खेलों में 50 मीटर स्प्रिंट , 200 मीटर ट्रैक इवेंट , हूला लूप वाक एंड स्ट्रेच का आयोजन कराया गया। डीपीएस के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आई एम ए रुद्रपुर के अध्यक्ष डॉक्टर रवि प्रकाश फुटेला ने डीपीएस के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सुरजीत सिंह ग्रोवर ने खेलों की अत्यधिक सराहना की और सभी डॉक्टरों को धन्यवाद दिया।

14 वारण्टी किये गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता) ।लोकसभा निर्वाचन को सकुशल व शान्तिपूर्वक संपन्न कराये जाने के लिए वांछितों की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने क्षेत्र के कुल 14 वारण्टियो को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय मे पेश किया गया। गिरफ्तार वारण्टियो में टीका राम पुत्र सुखन लाल,बलविन्दर सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह,दिलावर पुत्र आस मौहम्मद,आस मौहम्मद पुत्र अकबरद्दीन,शाबिर पुत्र लाहोरी शाह,फारुक पुत्र अहमद अली,राशिद पुत्र अमजद अली,यूनुस पुत्र अब्दुल रसीद,राहत अली पुत्र इस्माईल,आसिफ पुत्र हनीफ,जिया उल हक पुत्र फजले हक,अजीत यादव पुत्र कल्लू यादव,पलविन्दर सिंह पुत्र भजन सिंह,अमन पसरीजा उर्फ अमन चक्की पुत्र सुरेश कुमार पसरीचा आदि शामिल हैं।

कुमांऊ विवि सौ करोड़ रुपए अनुदान के लिए चयनित

सांसद भट्ट ने जताया पीएम व सीएम का आभार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपए के अनुदान के लिए चयनित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। श्री भट्ट ने बताया कि 20 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी इन परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुमाऊं विश्वविद्यालय को बहुविधात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु 100 करोड रुपए के अनुदान के लिए चयनित किया गया है। 20 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं इन योजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। जो कि क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस अनुदान से विश्वविद्यालय के शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ-साथ हजारों छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे।

जिज्ञासा अकादमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)।जिज्ञासा एकेडमी के प्रांगण में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, शिव तांडव, देशभक्ति गीत, पहाड़ी नृत्य, पंजाबी गिद्दा-भांगड़ा आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति अनुसार मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल सक्सेना ने अपने सम्बोधन में समस्त विद्यालय परिवार श्रीमती सिमरन, रिफत, भावना एवं चारू आदि ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक सम्पादित किया। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा सिंह, संजय

ANNUAL SPORTS MEET
BACHPAN

अतिथि समिति के उपाध्यक्ष गुलाब सिंह एवं विशिष्ट अतिथि समिति के सदस्य पूरन सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे सत्र में स्कूली बच्चों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों का गहन अध्ययन करने के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनकी योग्यता के की ओर से बच्चों, उनके अभिभावकों एवं कार्यक्रम में आये सभी आगंतुकों को शुभकामनाएँ दी तथा बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उच्च शिक्षा, खेल और अन्य सभी क्षेत्र कार्य को सिंह, मनोज प्रसाद काण्डपाल, श्रीमती पूनम सक्सैना, प्रशान्त सिंह, सिद्धार्थ भुसरी एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण सहित बच्चों के अभिभावक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अधिवेशन में रूद्रपुर से भी पहुंचे कई भाजपा नेता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भरत मंडपम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में रूद्रपुर से निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नैनीताल लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं के विचारों को सुना और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। रूद्रपुर के भाजपा नेताओं ने इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। बैठक से लौटे निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक रणनीति तय की गयी है। यह अधिवेशन भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत दिलाने में अहम भूमिका निभायेगा। अधिवेशन में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से पार्टी में नई उर्जा का संचार होगा। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर कार्यकर्ता से आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि कार्यकर्ता हर लाभार्थी के पास जायें। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में, भाजपा सरकार गरीबों व वंचितों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। विगत एक दशक में भाजपा सरकार ने प्रत्येक स्तर पर जन जन को लाभान्वित करने, उनके जीवन स्तर को बढ़ाने की दिशा में परिवर्तनकारी कार्य किए है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल 'मोदी 3.0' में भारत निश्चित ही विश्व की महाशक्ति बनकर उभरेगा और 2047 तक भारत, विकसित राष्ट्र बनकर सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा।

उक्रांद के नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल का स्वागत समारोह कार्यक्रम मुखानी जिला कार्यालय में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता विजय ध्यानी ने व संचालन काजल रावत द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चन्द्र भट्ट , जिला अध्यक्ष राकेश चौहान, संयुक्त सचिव श्रीमती देवी शर्मा, मोहम्मद इरफान खान का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यूकेडी को मजबूत होना पड़ेगा नहीं तो दिल्ली और नागपुर से चलने वाली पार्टियां इस राज्यों को दीमक की तरह खा जाएंगी। कार्यक्रम में इंद्र सिंह मनराल, श्याम सिंह नेगी, कंचन जोशी, बिशन सिंह लटवाल, हरीश जोशी, अलाउद्दीन सिद्दीकी, दिनेश नौटियाल, करन जोशी, भावना मेहरा, सुनीता रानी, बबीता जोशी, सरिता रावत, रजनी मौर्य, सुनीता जोशी, पूजा मेहरा, कला देवी, मालती देवी,तारा, पूर्णिमा रजवार, बरखा शर्मा, सुनीता तिवारी, आदि लोग शामिल थे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश चौहान ने सर्व समिति से यूकेडी का जनपद नैनीताल का कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान को मनोनीत किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया और एकजुट होकर दल को मजबूत करने का आह्वान किया।

उत्तराखण्ड क्रान्ति दल

डीएम से की सत्यापन अभियान चलाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने जिला अधिकारी वंदना सिंह से जल्द शहर के अंदर सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी लोगों के पूरी जांच करवाने की मांग की। उनका कहना था कि शहर में छोटे संसाधनों की वजह से बाहरी लोग ज्यादा आते हैं और सड़क में अतिक्रमण करते हैं। जिससे राहगीर को चलने में बाधा उत्पन्न होती है और शहर के दंगे में भी बाहरी लोगों की ज्यादा भूमिका थी। महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा जो भी व्यापारी अपनी दुकानों के आगे पैसे लेकर सड़क पर किसी को भी बैठा कर अतिक्रमण करता है। उन पर प्रशासन जो भी कार्रवाई करेगा संगठन उनके साथ कभी भी खड़ा नहीं होगा। उसकी पूर्ण जिम्मेदारी दुकानदार स्वामी की होगी।महामंत्री मनोज जायसवाल व प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना ने कहा अपराधी गतिविधियों में कोई भी व्यक्ति पकड़ा जाता है और जो शहर की फिजा खराब करता है संगठन ऐसे दोषियों के लिए प्रशासन से कार्रवाई करने के लिए स्वयं आगे आएगा।

आत्म रस कीर्तन व वार्षिक जोड़ मेला में उमड़ी संगत

किच्छा। गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी (पंचायती) उत्तम नगर में 47वां महान आत्म रस कीर्तन दरबार वार्षिक जोड़ मेला रविवार को मनाया गया। गुरुद्वारे में बरेली,रामपुर, हल्द्वानी, दिल्ली एवं पंजाब से आई संगत ने शीश नवाया। कीर्तन दरबार में पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी अपने सुंदर कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे में रखे गए श्री संपत अखंड पाठ साहिब जी प्रारंभ सोमवार सुबह से किया गया।समापन श्री संपत अखंड पाठ साहिब जी 18 फरवरी प्रातः किया गया। उपरांत रागी जत्थे ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखचौन सिंह, बलविंदर सिंह,सेवा सिंह, प्रहलाद अरोरा, जसविंदर सिंह, उधम सिंह, बलवीर सिंह, मनविंदर सिंह कीर्तन दरबार में पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी भाई चमनजीतसिंह लाल ,भाई सरबजीत सिंह, भाई सुखविंदर सिंह, रंजीत सिंह हजूरी रागी ने कीर्तन से संगत को निहाल किया।

18 ਫ਼ਰਵਰੀ 2024 ਐਤਵਾਰ

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

अतिक्रमण पर अंकुश

प्रदेश में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद से जिस प्रकार से कार्रवाई में तेजी आई है वह राज्य के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। क्योंकि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सरकारी भूमि का विकास कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है जिसका लाभ आम जनता को भी मिल रहा है। राज्य स्थापित होने के बाद से जिस प्रकार से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बढ़ा उससे प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर तो प्रश्न चिन्ह लगा ही साथ ही जागरूक लोगों द्वारा उच्च न्यायालय में अतिक्रमण हटाने को लेकर कई याचिकाएं भी दाखिल कराई गई। जिसके पश्चात मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने सरकार को सरकारी भूमि पर से समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिस पर अमल करते हुए अधिकारियों द्वारा सम्बंधित अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस भी जारी किये गये। अनेक मामलों में अतिक्रमणकारियों द्वारा न्यायालय से स्टे ले लिया गया। तो वहीं कई मामलों में अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद भी किन्हीं न किन्हीं कारणों से अतिक्रमण नहीं हटाये गये। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में सरकारी भूमि पर अतिक्रमणों की बाढ़ सी आ गई। जिस बाहुबली को जहां पर भी लावारिस हालत में सरकारी भूमि दिखाई दी उस पर अवैध रूप से कब्जा करना शुरू कर दिया। ऐसी भूमि पर आवासीय कालोनियां भी स्थपित कर दी गई। बात यहीं तक ही नहीं थमी। सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बसाई गई आवासीय कालोनियों में नियमों के विपरीत विभागीय अधिकारियों द्वारा बिना निरीक्षण के विद्युत व पेयजल संयोजन भी दे दिये गये। सरकारी रूपयों से सड़कें भी बनवा दी गई। यहां के निवासियों के राशन कार्ड बनाने के साथ ही अन्य सुविधायें प्रदान कर दी गई। सरकार की आंखें तब खुली जब उच्च न्यायालय द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने पर सरकार से जवाब तलबी की गई और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। देवभूमि में पिछले कुछ वर्षों से जिस गति से सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उससे न सिर्फ भू माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है बल्कि प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों में भी खलबली मची हुई है। क्योंकि उन्हे उच्च नयायालय में स्वयं उपस्थित होकर इस सम्बंध में जवाब देना पड़ रहा है। हांलाकि देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकारी भूमि पर होने वाले अतिक्रमण को गंभीर अपराध मानते हुए इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों के विरूद्ध भी आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिये हुए हैं। राज्य में जनपद नैनीताल के हल्द्वानी शहर में सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के दौरान जिस प्रकार से हिंसा का माहौल बना निश्चित रूप से चिंता का विषय है। भविष्य में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ऐसी घटनाओं की पुर्नावृति न हो इसके लिए शासन प्रशासन को व्यापक स्तर पर रणनीति निर्धारित करनी होगी। हांलाकि गहरी नींद से जागने के बाद सरकार द्वारा ड्रोन की मदद से सम्पूर्ण राज्य में सरकारी भूमि का पूर्ण ब्यौरा एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही मौके पर जाकर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। सरकार की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। प्रदेश को विकास में देश में आगें लाने के लिए कई उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए निश्चित रूप से भूमि की आवश्यकता होगी। राज्य के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सरकारी भूमि पर उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं। इससे न सिर्फ राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा वहीं राज्य के हजारों युवाओं के समक्ष रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले करीब दस वषों में जनसमस्याओं के समाधान करने के साथ ही विकास की गति को बढ़ाया है। वह भविष्य के लिए अनुकरणीय है।

म्यांमार के साथ मुक्त आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने से थमेगी घुसपैठ

म्यांमार भारत का मित्र देश है, इसलिए उसके साथ 2018 में भारत की पूर्वोत्तर नीति के अंतर्गत फ्री मूवमेंट रिजीम यानी मुक्त आवागमन की सुविधा लागू की गई थी। यह दो देशों के बीच पारस्परिक सहमति से चलने वाली व्यवस्था थी, लेकिन इसकी आड़ में उग्रवादी और घुसपैठिए भारतीय सीमा में दाखिल होने लग गए। क्योंकि सुविधा की शर्त के मुताबिक,दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों को 16 किलोमीटर तक भारतीय सीमा के चार राज्यों में आने–जाने की छूट थी। ये राज्य मिजोरम,मणिपुर,नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश हैं। यह उपाय इस दृष्टि से किया गया था,जिससे एकरूपता वाली जनजाति समुदायों में सांस्कृतिक मेल–मिलाप बना रहे।यह सुविधा भी वैध वीजा के आधार पर महज 72 घंटे की थी। एक समय ब्रह्मदेश के नाम से जाना,जाने वाला म्यांमार अखंड भारत का ही भूभाग था। लेकिन म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद हजारों की संख्या में शरणार्थी म्यांमार से भागकर भारत पहुंचे हैं। ड्रग तस्करी और हथियारों की सप्लाई भी म्यांमार सीमा से हो रही है। यही वजह है कि सरकार ने फ्री मूवमेंट रिजीम को रद्द करने का फैसला किया है। हालांकि म्यांमार की सेना ने 2017 में जब विद्रोहियों का दमन किया था,तभी से रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल में भी बनी हुई है।इन घुसपैठियों ने इन राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व भी बिगाड़ने का काम किया है,जो संकट के साथ स्थानीय जनजातियों के अस्तित्व का खतरा बन रहा है। इन विद्रोहियों को पकड़ने बहाने म्यांमार के सैनिक भी भारतीय सीमा में बड़ी संख्या में घुसे चले आते हैं। लिहाजा इस सुविधा को खत्म करना देशहित में जरुरी था। म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे हैं। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई है, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। भारत में इनको लेकर कई दिक्कतें पेश आ रही हैं। देश में इनकी मौजूदगी से एक तो आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, दूसरे इनके तार आतंकियों से भी जुड़े पाए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। नतीजतन देश में कानून व्यवस्था की चुनौती खड़ी हो रही है। अलबत्ता कुछ लोग और संगठन ऐसे भी हैं, जो इन्हें भारत के मूल निवासी बनाने के दस्तावेज बनवाने में लगे हैं। ये रोहिंग्या किस हद तक खतरनाक साबित हो रहे हैं, इसका खुलासा अनेक रिपोर्टों में हो चुका है, बावजूद भारत के कथित मानवाधिकारवादी इनके बचाव में बार–बार आगे आ जाते हैं। जबकि दुनिया के सबसे बड़े और प्रमुख मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि म्यांमार से पलायन कर भारत में शरणार्थी बने रोहिंग्या मुसलमानों में से अनेक ऐसे हो सकते हैं, जिन्होंने म्यांमार के अशांत रखाइन प्रांत में हिंदुओं का नरसंहार किया है ? रोहिंग्याओं ने 25 अगस्त 2017 को इस प्रांत के दो ग्रामों में 99 हिंदुओं की निर्मम हत्या कर उन्हें धरती में दफन कर दिया था। रोहिंग्या आतंकियों ने अगस्त 2017 में रखाइन में पुलिस चौकियों के साथ म्यांमार के गैर मुस्लिम बौद्ध और हिंदुओं पर कई जानलेवा हमले किए थे। इस हमले में हजारों बौद्ध और हिंदू मारे गए थे। नतीजतन म्यांमार सेना ने व्यापक स्तर पर आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके परिणामस्वरूप करीब 15 लाख से ज्यादा रोहिंग्याओं को पलायन करना पड़ा। इनमें से 40,000 से भी ज्यादा भारत में घुसपैठ करके शरण पाने में सफल हो गए, शेश बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, थाईलैंड और नेपाल चले गए थे। मुस्लिम देश होने के बावजूद इंडोनेशिया इनके आपराधिक चरित्र से परेशान है, अतएव वह इन्हें निकालने में लगा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कह रही हैं कि हमारे यहां अधिकांश रोहिंग्या ड्रग एवं महिला तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त हैं। जो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। बांग्लादेश में 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए है। थाईलैंड में 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली हुई है। इनमें से 13 हजार को वापस भेजा जा चुका है। भारत की सख्ती के चलते कुछ रोहिंग्या घुसपैठ में असफल होकर नेपाल चले गए हैं। यहां इन्हें जिहादी गुटों से आतंक को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आर्थिक मदद मिल रही है। पाकिस्तान में भी करीब ढाई लाख रोहिंग्या पहुंचे हैं। इनमें से ज्यादातर को आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर बांग्लादेश की सीमा से भारत में टुकड़ियों में प्रवेश करा दिया जाता है। हैरानी होती है कि इन घुसपैठियों को कुछ लोग एवं गिरोह भारत की नागरिकता का आधार बनाने के लिए मतदाता पहचान–पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी बनवाकर दे रहे हैं। जिससे इन्हें भारत के नगरों में बसने में कोई परेशानी न हो। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने 2021 में ही रोहिंग्या मुसलमानों को देश में नहीं रहने देने की नीति पर शीर्श अदालत में एक हलफनामा देकर साफ किया था कि रोहिंग्या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हैं। ये अपने साथियों के लिए फर्जी पैन कार्ड, वोटर आईडी और आधार कार्ड उपलब्ध करा रहे हैं। कुछ रोहिंग्या मानव तस्करी में भी लिप्त हैं। इन पर इंसानी मांस खाने के भी आरोप हैं। मांस खाते हुए ये यूट्यूब पर देखे जा सकते हैं। देश में करीब 40,000 रोहिंग्या रह रहे हैं, जो सुरक्षा में सेंध लगाने का काम कर रहे हैं। इनमें से कई आतंकवाद में लिप्त हैं। इनके पाकिस्तान और आतंकी संगठन आईएस और पीएफआई से भी संबंध हैं। ये संगठन देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। देश में जो बौद्ध धर्मावलंबी हजारों साल से शांतिपूर्वक रह रहे हैं, उनके लिए भी ये हिंसा का सबब बन सकते हैं। 2015 में बोधगया में हुए बम विस्फोट में पाकिस्तान स्थित आंतकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा ने रोहिंग्या मुस्लिमों को आर्थिक मदद व विस्फोटक सामग्री देकर घटना को अंजाम दिया था। वैसे भी भारत के किसी भी हिस्से में रहने व बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को हैं, घुसपैठियों को नहीं। किसी भी पीड़ित समुदाय के प्रति उदारता मानवीय धर्म है, लेकिन जब घुसपैठिए देश की सुरक्षा और मूल भारतीय समुदायों के लिए ही संकट बन जाएं, तो उन्हें खदेड़ा जाना ही बेहतर है। संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, कि सभी राज्यों को रोहिंग्या समेत सभी अवैध शरणार्थियों को वापस भेजने का निर्देश दिया है। सुरक्षा खतरों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आशंका जताई गई है कि जम्मू के बाद सबसे ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी हैदराबाद में रहते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें जम्मू–कश्मीर में रह रहे म्यांमार के करीब 15,000 रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान करके उन्हें अपने देश वापस भेजने के तरीके तलाश रही है। रोहिंग्या मुसलमान ज्यादातर जम्मू और सांबा जिलों में रह रहे हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में 3800 रोहिंग्याओं के रहने की पहचान हुई है। ये लोग म्यांमार से भारत– बांग्लादेश सीमा, भारत म्यांमार सीमा या फिर बंगाल की खाड़ी पार करके अवैध तरीके से भारत आए हैं। आंध्र प्रदेश और जम्मू–कश्मीर के अलावा असम, पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तर प्रदेश में कुल मिलाकर लगभग 40,000 रोहिंग्या भारत में रह रहे हैं। जम्मू–कश्मीर देश का ऐसा प्रांत है, जहां इन रोहिंग्या मुस्लिमों को वैध नागरिक बनाने के उपाय तत्कालीन महबूबा मुफ्ती सरकार द्वारा किए गए थे। इसलिए अलगाववादी इनके समर्थन में उतर आए थे। इसी प्रेरणा से श्रीनगर, जबलपुर और लखनऊ में इनके पक्ष में प्रदर्शन भी हुए थे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत शपथ– पत्र में साफ कहा है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत देश में कहीं भी आने–जाने, बसने जैसे मूलभूत अधिकार नहीं दिए जा सकते। ये अधिकार सिर्फ देश के नागरिकों को ही प्राप्त हैं। इन अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर रोहिंग्या सुप्रीम कोर्ट में गुहार भी नहीं लगा सकते, क्योंकि वे इसके दायरे में नहीं आते हैं। जो व्यक्ति देश का नागरिक नहीं है, वह या उसके हिमायती देश की अदालत से शरण कैसे मांग सकता है ? बावजूद देश में इनकी आमद बढ़ती जा रही है।

–प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

देहरादून में 26 फरवरी से शुरू होगा बजटसत्र

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र 26 फरवरी से देहरादून में होगा। कितने दिनों का सत्र होगा, अभी तय नहीं हुआ है। धामी सरकार वित्तीय वर्ष 2024–25 का आम बजट पेश करेगी। विधानसभा सचिवालय ने भी सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब तक विधायकों से 250 से अधिक प्रश्न मिल चुके हैं। संबंधित विभागों के माध्यम से प्रश्नों के जवाब तैयार कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इस बार बजट सत्र देहरादून में कराने का निर्णय लिया है। पक्ष–विपक्ष के 40 विधायकों ने सत्र को ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के बजाय देहरादून में कराने की मांग रखी थी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालित करने के लिए एजेंडा तय किया जाएगा। प्रदेश सरकार आम बजट कब पेश करेगी, यह कार्यमंत्रणा में तय किया जाएगा। वहीं, सत्र के लिए विधायकों से प्रश्न आने शुरू हो गए हैं। विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया, 26 फरवरी से बजट सत्र आहूत होगा। राजभवन से भी शीघ्र ही सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी। कहा, सत्र को लेकर तैयारियां पूरी हैं। शीघ्र ही सत्र के दौरान सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप से दिया जाएगा।

बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। मौसम के बदलते मिजाज और जलवायु परिवर्तन का सीधा असर तापमान पर पड़ रहा है। यही वजह रही कि साल में तीसरी बार रविवार को चारों धामों समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के बावजूद भी तापमान में गिरावट दर्ज नहीं हुई। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दस साल में सामान्य तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, जो चिंता का विषय है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज सोमवार को भी बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बारिश–बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बिजली चमकने और ओलावृष्टि के साथ भारी बर्फबारी की संभावना है। जबकि, इन जिलों के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने के भी आसार हैं। इस साल फरवरी के शुरुआत में साल की पहली और पांच फरवरी को दूसरी बार बारिश–बर्फबारी हुई थी। इसके बाद रविवार को पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश के तीसरी बार बर्फबारी हुई। पहली–दूसरी बारिश–बर्फबारी से मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गई थी। लेकिन तीसरी बार हुई बर्फबारी से मैदानी इलाकों के तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ा।

टीएमयू एजुकेशन की इग्नाइट्स में हुनर का जलवा

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की फ्रेशर पार्टी– इग्नाइट्स में हरवीर सिंह को मिस्टर फ्रेशर बीएड और शिखा मिश्रा को मिस फ्रेशर बीएड चुना गया, जबकि अमन सक्सेना को मिस्टर फ्रेशर एमएड और अदिति बंसल को मिस फ्रेशर एमएड बनीं। इससे पहले यूनिवर्सिटी की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा आदि ने संयुक्त रूप मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फ्रेशर पार्टी– इग्नाइटस का शुभारम्भ किया। कल्चरल प्रोग्राम्स में बीएड और एमएड के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैम्प वाक और अन्य कई चरणों की प्रतियोगिताओं के उपरांत मिस और मिस्टर फ्रेशर का चयन किया गया। छात्रा हेमा असवाल ने डांस और सिंगिंग, श्रुति धीमान और मनीषा चहल ने डांस, हरवीर सिंह ने सिंगिंग से सभी का मन मोह लिया। अन्त में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने बीएड–एमएड के सभी जूनियर्स को स्मृति चिन्ह वितरित किए। मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला जैन ने कहा, जिस रूप में आप टीचर की परिकल्पना करते हैं, उसी रूप में आप स्वंय को तैयार करें। उन्होंने कहा, कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी है। सभी लक्ष्यों की प्राप्ति कठिन परिश्रम से ही सम्भव है। शिक्षक, विद्यार्थियों में विभिन्न मूल्यों का विकास करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. एमपी सिंह ने रेगुलर क्लासरूम टीचिंग के महत्व को बताते हुए कहा, छात्रों के सम्पूर्ण विकास और कौशलों में निपुणता तभी सम्भव है, जब आप नियमित रूप से क्लास में उपस्थित रहें। इससे उनके व्यक्तित्व का संतुलित और समन्वित विकास हो सकता है। प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त परिचय देते हुए भावी शिक्षकों को अपने जीवन में आदर्श शिक्षक बनकर कर्मठता से अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एचओडी डॉ. विनोद कुमार जैन, एचओडी डॉ. रत्नेश जैन, श्रीमती ममता यादव, डॉ. नाहिद बी., डॉ. पावस कुमार मण्डल, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. शशी रंजन आदि के संग–संग बीएड–एमएड के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स सैयद अक्सा गुलनाज और बुशरा अनवर ने किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट में रूद्रपुर इलेवन ने जीता फाईनल मैच

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्रामसभा निर्मल नगर मे आयोजित एकता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रुद्रपुर इलेवन व तरागी इलेवन के मध्य खेला गया। टॉस जीतते हुये तरागी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर मे 135 रन बनाये। जिसके जवाब मे रुद्रपुर इलेवन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुये, दो विकटो के रहते मैच अपने नाम किया। मन ऑफ द मैच नाजीम और सीरिज उमेश के नाम रहा। आयोजक कमेटी के कृष्ण पद मण्डल, प्रशांत,बलराम,विश्वजीत सरकार,नविन आदि मौजूद थे।

प्रदेश के दस साहित्यकारों को मिलेगा साहित्य गौरव सम्मान

21 फरवरी को सीएम धामी करेंगे सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड भाषा संस्थान ने वर्ष 2023 के साहित्य पुरस्कारों की घोषणा करते हुए 10 साहित्यकारों को कई श्रेणियों में साहित्य गौरव सम्मान के लिए चुना। सीएम पुष्कर सिंह धामी 21 फरवरी को आईआरडीटी सभागार में सभी को सम्मानित करेंगे। दीर्घकालीन साहित्य सृजन के लिए साहित्यकार प्रो. लक्ष्मण सिंह बिष्ट बटरोही को सुमित्रानंदन पंत साहित्य गौरव, कथा साहित्य के लिए डॉ. सुशील उपाध्याय को शैलेश मटियानी सम्मान दिया जाएगा। उत्तराखंड भाषा संस्थान की निदेशक स्वाति एस भदौरिया के अनुसार, इस वर्ष कुमाऊंनी लोक साहित्य में दीर्घकालिक साहित्य सृजन के लिए देवकीनंदन भट्ट मयंक को गुमानी पंत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गढ़वाली लोक साहित्य में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए भजन सिंह सिंह पुरस्कार गिरीश सुंदरियाल को प्रदान किया जाएगा। कुमाऊंनी एवं गढ़वाली में भिन्न बोलियों एवं उप बोलियों में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए गोविंद चातक पुरस्कार डॉ. सुरेश ममगाई को देने का निर्णय लिया गया। उर्दू साहित्य में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए प्रो. उन्वान चिश्ती पुरस्कार केए खान को मिलेगा। पंजाबी साहित्य दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए शिक्षक पूर्ण सिंह पुरस्कार प्रेम साहिल को, महाकाव्य, खंड काव्य एवं काव्य रचना के लिए महादेवी वर्मा पुरस्कार प्रो. शैलेय को, अन्य गद्य विद्या के लिए डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल पुरस्कार डॉ. ललित मोहन पंत को एवं साहित्य की मासिक, त्रैमासिक पत्रिकाओं के लिए भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार गणेश खुगशाल गणी को दिया जाएगा। मौलिक पुस्तक लेखन श्रेणी कथा साहित्य वर्ग में शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए चयनित डॉ. सुशील उपाध्याय को उनके उपन्यास सुनो, सबरीना के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। यह उपन्यास एक उज्बेकिस्तानी लड़की के संघर्ष की कहानी है। अब तक डॉ. सुशील उपाध्याय की 18 किताबें प्रकाशित हुई हैं।

चेतावनी के बाद गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण का कार्य हुआ प्रारम्भ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के द्वारा एक सप्ताह पूर्व लोक निर्माण विभाग को चेतावनी दी गयी थी कि यदि तत्काल अल्मोड़ा के गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग,रानीधारा लिंक मार्ग,धार की तूनी–एन टी डी लिंक मार्ग का सुधारीकरण नहीं किया गया तो वे लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करेंगे। इसके बाद विभाग हरकत में आया और आज गैस गोदाम लिंक मार्ग के सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया।

सुधारीकरण कार्य शुभारम्भ के मौके पर उपस्थित पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि अभी मात्र लोक निर्माण विभाग लगभग बारह लाख रूपये की उस धनराशि से कार्य कर रहा है जो सीवर निर्माण के चलते हुए क्षतिपूर्ति के जल निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग को दिये गये थे। कर्नाटक ने कहा कि पहले चरण के इस कार्य से लोगों को काफी राहत मिलेगी लेकिन अभी इस सड़क में क्रश बैरियर,दीवार निर्माण आदि बहुत कार्य होने हैं।विभाग जल्द ही सड़क के अन्य कार्यों के लिए भी बजट की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ये सुखद शुरुआत है कि विभाग नींद से जागा है और गैस गोदाम लिंक मार्ग के सुधारीकरण कार्य की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों की सुस्ती के चलते आज पिछले पांच साल से भी अधिक समय एक रानीधारा क्षेत्र की जनता को बेहद खराब रानीधारा मार्ग के कारण अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभागों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग जनता की मूलभूत आवश्यकता से जुड़ा विभाग है जिस जिम्मेदारी को उसे समझना चाहिए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अशोक सिंह, देवेन्द्र कर्नाटक,हेम जोशी,अशोक सिंह,सुधीर कुमार, ललित खोलिया,नीरज सिंह,हसन,सुमित बिष्ट सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

चुनावी खर्च पर निगरानी के लिए टीमों का गठन

रूद्रपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के मध्यनजर विकास भवन सभागार में व्यय निगरानी तंत्र की टीमें एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा टीमों को मास्टर ट्रेनर द्वारा दो पालियो में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शतप्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलाई गयी। प्रशिक्षण में सम्बोधित करते हुये अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि निर्वाचन अनाधिकृत व्यय को प्रभावी ढ़ंग से रोकने हेतु व निर्वाचन नियमो को उल्लंघान करने पर नियमानुसार त्वरित उचित कार्यवाही करना व्यय निगरानी तंत्र का दायित्व है ताकि निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होने कहा कि सभी टीम सदस्य प्रशिक्षण को गम्भीरता से ले तथा किसी भी प्रकार की शंका हो तो उसका सामाधान निर्वाचन पूर्व प्रशिक्षणों में अवश्य कर ले ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या अथवा कठनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी टीमें समन्वय बनाते हुये टीम भावना से दायित्वो का निर्वहन करेगें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की जांच आदि कार्यो की वीडियोग्राफी अवश्य की जाये। उन्होने कहा कि निर्वाचन की घोषणा होते ही उड़न दस्ता सक्रिय हो जाते है तथा सभी प्रकार की शिकायतों का तत्काल निराकरण उड़न दस्ते द्वारा किया जायेगा कार्यो की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप की जाये साथ ही सभी टीमे कार्यो की प्रतिदिन रिपोर्ट ससमय भेजना भी सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रत्याशियों का व्यय लेखा–जोखा रखा जा सकें। नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय तंत्र मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ होने वाली है इस लिये सभी टीमें अपनी–अपनी तैयारिया कर ले जो भी दायित्व शौपे गये है उनका ससमय निर्वाहन करना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग का प्रयास होता है कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिले इस लिये निर्धारित व्यय के अनुसार निर्वाचन सम्पन्न हो किसी प्रकार प्रलोभन व अनुचित धन का प्रयोग न हो इसके लिये व्यय तंत्र की सभी टीमे सक्रियता से आयोग के निर्देशानुसार कार्यो का संचालन करेगें। उन्होने कहा कि जनपद में 9 विधानसभा वार टीमो का गठन किया गया है सभी आपस में समन्वय स्थापित करते हुये कार्यो का सम्पादन करेगें। उन्होने कहा निर्वाचन के दौरान सभी टीमे अपना व्यवहार सौहार्दपूर्ण व शालीन रखेगें ताकि कार्यो में किसी की समस्याओं व बाधाओं का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि कैश व सामाग्री की सीजर कार्यवाही नियमानुसार करेगें तथा सभी प्रपत्रो को सावधान से भरेगें व सभी कार्यो की वीडियोग्राफी अवश्य करायेगें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जुबक मोहन सक्सेना, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनिल चौहान, सहायक लेखाधिकारी राजीव वर्मा, कमलेश संग्रोला आदि उपस्थित थे।

चीड़ के 75 तख्ते व 19 बल्लियां बरामद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। दन्या पुलिस ने एक घर में औचक चेकिंग के दौरान चीड़ के अवैध 75 तख्ते व 19 बल्लियां की बरामद की है। बरामद लकड़ी को वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। थानाध्यक्ष दन्या विजय सिंह नेगी ने पुलिस टीम के साथ

पूरन सिंह निवासी कलोटा नारायणी खान दन्या के घर के पास टिन शैड में औचक दबिश देकर चीड़ के 75 तख्ते व 19 बल्लियां बरामद की। वन संपदा को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु वन विभाग के सुपुर्द किया गया। टीम में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर सिंह खाती, हेड कांस्टेबल गोपाल गिरी, कांस्टेबल पवन थ्वाल आदि भी शामिल थे।

पेज एक का शेष...

49 **वर्ष से बसे परिवारों...**योजना से नाली व विद्युत कनेक्शन भी लगा हुआ है।उक्त भूमि पर लोक निर्माण विभाग व एनएच 74 द्वारा कोई आपत्ति नहीं की। खसरा नं0 191 जो कृषि भूमि है के खेत मालिक ने अपने खेत के सामने की जगह 192 खाली कराने के लिये एडवाकेट के द्वारा हाई कोर्ट से 192 तोड़ने का आदेश 9 अक्तूबर2023 को करा लिया। जबकि एडवाकेट पथरचट्टा पन्तनगर का निवासी है उसका इस जगह से कोई लेना देना नही है।हाई कोर्ट के आदेश के बाद उक्त खेत स्वामी व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा उनके साथ कई बार बैठक की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मत जाना हम आप लोगो को जगह के बदले जगह देंगे। हम लोग उनकी बातों में आ गये और उनके सहारे बैठे रहे। जब अपील करने का समय निकल गया तब कहने लगे कि जमीन बहुत महंगी हो गई है। कुछ लोगों को आवासीय पट्टा खसर नं0 62 ख कोलडिया में 2006 में मिला था लेकिन जो पट्टा मिला है वह पट्टा धीमरी नदी के किनारे पर है बरसात में कम से कम 9–10 फुट पानी भर जाता है इसलिये वहाँ पर जीवन यापन सम्भव नहीं है। अब भूमि पर बसे लोगों को हटाने के लिए हाईकोर्ट के ओदश के कम में लोक निर्माण विभाग द्वारा 21 फरवरी 2024 तक हटाने का नोटिस जारी किया गया है। ज्ञापन में मार्च 2024 में उनके बच्चों की शादी होने तक उक्त जगह को तोड़ने से रोकने का आग्रह किया है। इस दौरान विश्वामित्र, जयप्रकाश, सुरेश, गणेश, रमाशंकर, हरेराम, अमरनाथ, मुन्ना, परमहंस, मालती, विनीता, नेहा, इंद्रा, रामावती, फूलमती, कबूतरी, आरती, मीना, रानी, गुड्डी आदि मौजूद रहे।

रूद्रपुर की तर्ज पर किच्छा... मिलेगा। कई राजनैतिक आयोजन भी इसके निर्माण के बाद यहाँ कराये जा सकेंगे और किच्छा में रुद्रपुर की भाँति ही एक भव्य कम्युनिटी हाल आने वाले समय में किच्छा क्षेत्रवासियों को मिलेगा । आने वाले समय में ये किच्छा वासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में ये कम्युनिटी हाल लाभ देगा। उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री के द्वारा 10 ड्रीम प्रोजेक्ट मांगे गए थे जो कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को भेज दिए गए थे जिसमें से यह पहला उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है जो किच्छा की जनता को उपलब्ध कराया गया है। बेहड़ ने कहा कि नगर के विकास के लिए पंचायती राज के तहत वित्तीय वर्ष 24 सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है 5 से 6 सड़कों का निर्माण कार्य आचार संहिता से पहले प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024 की सभी योजनाएं पूर्ण करने के लिए वह प्रयास करते हैं क्योंकि आगे लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगनी है। इसलिए आचार संहिता से पूर्व ही सभी निर्माण तथा प्रस्तावित प्रोजेक्ट को प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी हॉल के लिए दो से ढाई एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी इसके निर्माण हेतु यदि धन की कमी आई तो विधायक निधि से व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों के चौड़ीकरण का भी उनका प्रयास जारी है जिसमें आदित्य चौक से लेकर दीनदयाल चौक तक तथा महाराणा चौक से लेकर नगला तक सड़क चौड़ीकरण मुख्य योजना में शामिल है।

अनियंत्रित बाइक नहर...ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पास्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

संदिग्ध हालातों में ..जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर आये और उन्होंने शव कब्जे में लेकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक गोधन के परिजन भी यहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया।

शरारती तत्वों ने ...पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटोरा ताल निवासी सरफराज आलम पुत्र अब्दुल रफऊ ने बताया कि बीते 17 फरवरी की रात्रि लगभग 8:00 बजे वह अपनी कार संख्या यूके 04के/6786 में सवार होकर परिवार के साथ एक समारोह में शामिल होने के लिए पवार रिजॉर्ट की ओर जा रहा था इसी दौरान मार्ग में प्रेक्षाग्रह के गेट के सामने पीछे से तेजी से चली आ रही कर संख्या यूके 06केए/0017 कि चालक नाम पता अज्ञात में तेजी व लापरवाही से पीछे से उसकी कार में टक्कर मारकर गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने जब विरोध किया तो कार में सवार चार लोगों ने जिनको सामने आने पर वह पहचान सकता है उक्त लोगों ने उसकी पत्नी के साथ अश्लीलता वह छेड़खानी करते हुए गाली गलौज तथा मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए आरोपी कर सवार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है।

मोटरसाइकिल चुराकर...उड़ा दी गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने बाइक चोरी के इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। चोरों तक पहुंचाने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर पाकीजा कॉलोनी एसडीएम कोर्ट के आगे मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी दानिश पुत्र मोहम्मद रफीक तथा यही के सरताज अंसारी पुत्र रईस अहमद को पुलिस ने चौती मैदान के पीछे द्रोणा सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी में दोनों के कब्जे से दो कट्टों मैं मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स चौचिस, एक साईलेन्सर, लेग गार्ड, 01 सीट कैरियर, 01 हैण्डिल, 01 टंकी, एक मीटर, चेन कबर, मैन स्टैण्ड, फिल्टर बॉक्स व अन्य पार्टस व एक अदद मोटर साईकल का इंजन बरामद हुआ। पुलिस की सख्ती के आगे दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना को कबूल कर लिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मोटरसाइकिल चोरों की अभी और कुंडली खंगाली जा रही है। फिलहाल जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बाइक चोरों को पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

दोस्त बनकर कर ली ..मोबाइल में 12000 हजार रूपए डाल रहा हूँ। तुम डाक्टर के मोबाइल पर रूपये पेटीएम कर दो। कश्मीर का कहना है कि इसके बाद उसके मोबाइल फोन पर 12000 हजार रुपए का मैसेज आया और उसने ऑन काल पर ही डाक्टर को उसके पेटीएम नंबर पर 7000 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद जब उसने अपना बैलेन्स चेक किया तो देखा कि उसके खाते से सात हजार रूपये कट गये थे। खाते में कोई रुपया नहीं आया था। वह ठगी का शिकार हो गया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम मुकम्मिल क्वारेशी से बदलकर मुकम्मिल कुरेशी रख लिया है। भविष्य में मुझे मुकम्मिल कुरेशी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मुकम्मिल कुरेशी पुत्र श्री किफायत हुसैन, निवासी- एच.न-433,
गली न-1, रविन्द्र नगर वॉर्ड न-18,
रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 18 फरवरी 2024 को तकनीकी खराबी के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– **सम्पादक**

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

पंखे ही पंखे
होल सेल की आपकी अपनी दुकान,एक बार सेवा का मौका अवश्य दे
सबसे कम दामों पर ब्रान्डेड कम्पनियों के इलेक्ट्रिकल्स सामान का वादा
कूलर ही कूलर
STAR SALES CORPORATION
श्री सिद्धेश्वर बाला जी मन्दिर वाली रोड,आदर्श कालोनी,रुद्रपुर मो- 9927753000, 9897753000
Wholesale & Retail
Prop. Vibhor Bathla
Wire & Cable
Switch Gear
Fans
Lighting
Appliances
Pvc Pipes & Conduits
Domestic Electrical Fitting
Industrial Electrical Fitting
All Electrical Accessories
POLYCAB ANCHOR Crompton V GUARD
SYSKA ACCESSORIES HAVELLS wipro GreatWhite THE FUTURE OF BRIGHT
orient electric SURYA USHA

सामूहिक विवाह में आशीर्वाद देने पहुंचे साधु संतों का जताया आभार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सामूहिक विवाह के सफल आयोजन पर सर्वव्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने सभी साधु संतों,सभी संस्थाओं समेत तमाम लोगों का आभार जताया। सामूहिक विवाह के सर्वव्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ और लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक संजीव गुप्ता ने कहा कि 18 फरवरी को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में 41 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपना सहयोग दिया था ।जिस कारण यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफल हुआ और सभी बेटियों को शुभाशीष देकर विदाई दी गई । सामूहिक विवाह के सभी अनुष्ठान गायत्री परिवार की ओर से कराए गए ।श्री चुघ और श्री गुप्ता ने इस सफल आयोजन पर महामंडलेश्वर धर्मदेव जी महाराज पटौदी हरियाणा, स्वामीनारायण चौतन्य, दूधिया बाबा शिवानंद जी महाराज ,बालाजी मंदिर बिलासपुर के महंत अशोक दास, बालाजी मंदिर भूत बंगला के महंत रामदास, पिपली जंगल के महंत शोभानंद जी महाराज, आनंदपुर कुटिया आश्रम के कंचन भाई जी समेत सहयोगी संस्थाएं खाटू श्याम समिति, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद , सुंदरकांड महिला मंडल श्री बालाजी मंडल सेवा समिति,भजन गायक कपिल भार्गव और पुलिस प्रशासन ,नगर निगम, समस्त मीडिया कर्मी, ट्रांजिट कैंप की सम्मानित जनता, सनातन धर्म सभा ,गुरुद्वारा कमेटी, बद्री केदार सेवा मंडल,योगी सेना, वंदे मातरम् ग्रुप, हिंदू रक्षा दल का आभार जताया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लघु उद्योग व्यापार मंडल के मनोज गुप्ता, विकास बंसल, अशोक शाह, सुरेंद्र गुप्ता, कमलदीप सोनकर, विकास आर्य, रागिनी मिश्रा ,मधु डे, दीपू गुप्ता ,पप्पू राजपूत , शिवकुमार सागर,सनी पासवान,राज कोली, अभिषेक निरंकारी, विजय मान सिंह, अमित गोड,राजीव कुमार ने भी पूरा सहयोग दिया ।उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कराना एक बड़ी जिम्मेदारी थी ऐसे में इन सभी महापुरुषों, संस्थाओं ओर जन सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है ,आने वाले वर्ष में इन सभी के सहयोग से इसे और वृहद रूप दिया जाएगा।

पवन अग्रवाल बने सितारगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रांतीय व्यापार मंडल सितारगंज के वर्तमान अध्यक्ष राजीव गुप्ता की सहमति पर जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने पवन अग्रवाल को आने वाले त्रिवार्षिक चुनाव तक नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि प्रांतीय व्यापार मंडल सितारगंज अध्यक्ष राजीव गुप्ता पिछले कई दिनों से पीलिया जैसी गंभीर बीमारी का उपचार करवा रहे हैं। जिस कारण उनके द्वारा व्यापार मंडल के औपचारिक कार्यों को किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। नगर इकाई व उनकी स्वयं की सहमति पर यह बदलाव किया गया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, कोषाध्यक्ष विनीत जैन,प्रदेश संगठन मंत्री उमेश अग्रवाल, जिला संयुक्त मंत्री विपिन डालमिया,शक्ति फार्म व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, विजय सलूजा, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

चाकू सहित युवक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने खानपुर तिराहा ग्राम कलकत्ती के पास अभियुक्त मोहम्मद शाहिद पुत्र बदलू निवासी रामजीवनपुर नंबर 02 थाना गदरपुर जनपद ऊधमसिंहनगर को 01अदद नाजायज चाकू सहित हिरासत में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गदरपुर में धारा-4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया, जिसे वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign

डॉ. आँचल ढिंगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रूट कैनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थैटिक डेंटिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care "A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666